# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 24.08.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, ज्ञानशिखा टाइम्स, जनवार्ता," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 24.08.2025

### आईजीआरएस में रैंकिंग सुधारेगा वीडीए

वाराणसी। आईजीआरएस में वीडीए की रैंकिंग सुधारने को लेकर सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में अधिकारियों ने समीक्षा बैठक की। वीडीए सचिव ने जून महीने में शासन से प्राप्त खराब रैंकिंग पर नाराजगी बताई। उन्होंने आगामी महीने के मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट में प्राधिकरण की रैंकिंग में सुधार लाये जाने के लिए सभी जोनल अधिकारियों को आदेशित किया। संवाद

## दैनिक जागरण–दि0 24.08.2025

### बड़ालालपुर में बनेगा अपोलो हास्पिटल

- मेडिकल हब कहे जाने वाले काशी को एक और तोहफा वीडीए ने पास किया नक्शा
- बनेगा सात मंजिला हास्पिटल डबल बेसमेंट व भूतल पर 365 कार पार्किंग

जागरण संवाददाता, वाराणसी : मेडिकल हब कहे जाने वाले काशी को एक और तोहफा मिला है। वाराणसी विकास प्राधिकरण ने बड़ालालपुर आवासीय योजना में 400 बेड के अपोलो हास्पिटल का नक्शा पास किया है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने दस्तावेजों की जांच करने के बाद मात्र 30 घंटे में मानचित्र पास कर दिया। मल्टी स्पेशियलिटी बनने से बनारस के साथ पूर्वांचल के मरीजों को लाभ मिलेगा। 13,109.66 वर्ग मीटर में बनने वाले सात मंजिला हास्पिटल में डबल बेसमेंट व भूतल पर 365 कार पार्किंग है, इसमें आठ एंबुलेंस भी है। दो पहिया वाहनों के लिए अलग से व्यवस्था की गई है।

वीडीए ने अपने लालपुर आवासीय योजना में अपोलो हास्पिटल के लिए करीब 98 करोड़ रुपये में 13,109.66 वर्ग मीटर जमीन दिया था। अस्पताल निर्माण के लिए अपोलो हास्पिटल के प्रतिनिधि ने मानचित्र स्वीकृत कराने के लिए वीडीए उपाध्यक्ष से संपर्क किया तो उन्होंने एक अभियंता को प्राथमिकता पर देखने को कहा। प्रतिनिधि को अनापत्ति प्रमाणपत्र लेने और कमियों को दूर कर आनलाइन आवेदन करने को कहा।

#### बायो मेडिकल वेस्ट व ठोस अपशिष्ट का होगा निस्तारण

वीडीए ने लालपुर आवासीय योजना में प्लाट नंबर चार में कुल 13109.66 वर्गमीटर जमीन अपोलो हास्पिटल को बेची थी। यह प्लाट रिंग रोड फेज एक से नजदीक है, जिससे बनारस ही नहीं, बल्कि पूर्वांचल के अलावा बिहार से आने वाले मरीजों को आसानी हो। हास्पिटल का निर्माण 43,405 वर्गमीटर है। भवन की ऊंचाई 32.7 मीटर, चारों तरफ 12 मीटर का सेट बैक है। 2.206 एफएआर और 10 प्रतिशत हरित क्षेत्र रहेगा। इसके अलावा रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर पावर सिस्टम और बायो मेडिकल वेस्ट व ठोस अपशिष्ट के निस्तारण की व्यवस्था भी होगी।



"अपोलो हास्पिटल निर्माण के लिए सभी अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) के साथ आनलाइन आवेदन किया गया था। मानचित्र स्वीकृत कर दिया गया है। कुछ प्रक्रिया पूरी होने के साथ नक्शा रिलीज कर दिया जाएगा।
– पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वीडीए

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 24.08.2025

### वाराणसी विकास प्राधिकरणके सचिव ने की समीक्षा बैठक

वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ0 वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में समन्वित शिकायत



निवारण प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) पर प्राधिकरण सभागार में समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में समस्त अनुभागों के कार्यों की समीक्षा के साथ–साथ आई0जी0आर0एस0 एवं जनसूचना के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर चर्चा की गई।सचिव ने समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) के अन्तर्गत माह–जून, 2025 में शासन से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में प्राधिकरण के खराब रैंकिंग पर गहन असंतोष व्यक्त करते हुए आगामी माह के मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट में प्राधिकरण की रैंकिंग में सुधार लाये जाने हेतु ठोस कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में उपस्थित सभी जोनल अधिकारियों को आदेशित किया गया तथा यह भी आदेशित किया गया कि सन्दर्भित प्रकरणों में प्रत्येक दशा में स्थलीय निरीक्षण अवश्य किया जाय तथा स्थल पर शिकायतकर्ता से वार्ता कर शिकायतों का नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित् किया जाय। बैठक में अधिशासी अभियंता एस0पी0 वर्मा, समस्त जोनल अधिकारी, अवर अभियन्ता, सहायक सम्पत्ति अधिकारी रमेश दुबे, कनिष्ठ लिपिक इत्यादि उपस्थित रहे।

## जनवार्ता–दि0 24.08.2025

### शिकायतकर्ताओं से करें संवाद, वीडीए में आईजीआरएस की समीक्षा



वीडीए सचिव आईजीआरएस पर मातहतों संग बैठक करते हुए।

वाराणसी (जनवार्ता)। वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को प्राधिकरण सभागार में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें विभिन्न अनुभागों के कार्यों के साथ शिकायतों एवं जनसूचना के समयबद्ध निस्तारण पर चर्चा की गई।

इसमें सचिव ने जून 2025 में शासन से प्राप्त निर्देशों के आधार पर प्राधिकरण की कमजोर रैंकिंग पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट में सुधार के लिए ठोस कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण स्थल निरीक्षण व शिकायतकर्ता से संवाद के बाद नियमानुसार किया जाए। इस बैठक में अधिशासी अभियंता एस.पी. वर्मा, समस्त जोनल अधिकारी, अवर अभियंता, सहायक सम्पति अधिकारी रमेश दुबे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### अपोलो हास्पिटल के मानचित्र को वीडीए ने मात्र 30 घंटे में किया स्वीकृत, बनने का रास्ता साफ

वाराणसी (जनवार्ता)। वाराणसी विकास प्राधिकरण ने शहर को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिसमें अपोलोमेडिक्स अति-विशिष्ट चिकित्सालय के लिए लालपुर आवासीय योजना में 13,109.66 वर्गमीटर भूमि आवंटित कर पंजीकरण की कार्यवाही की गई। जहाँअपोलोमेडिक्स अंतरराष्ट्रीय जीवनविज्ञान लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित 400 शैय्यायुक्त बहुविशिष्ट चिकित्सालय का मानचित्र वीडीए ने मात्र 30 घंटे में स्वीकृत किया।

यह चिकित्सालय व्यापार सुविधा केंद्र एवं नवीन वस्त्र डिजाइन संस्थान परिसर के समीप मुख्य मार्गों व रिंग रोड चरण-1 से जुड़ा होगा। जो प्रस्तावित भवन दो तहखाने, भूतल एवं सात मंजिलों का होगा। जिसमें 365 कार पार्किंग व 8 एंबुलेंस पार्किंग की व्यवस्था होगी। यह परियोजना का निर्मित क्षेत्रफल 43,405 वर्गमीटर तथा 10% क्षेत्र हरित पट्टी के लिए आरक्षित रहेगा। इस दौरान चिकित्सालय में वर्षा जल संचयन, सौर ऊर्जा प्रणाली तथा जैव-चिकित्सीय व ठोस अपशिष्ट निस्तारण की आधुनिक व्यवस्था होगी। यह चतुर्थ स्तरीय चिकित्सालय पूर्वांचल की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगा।